[This question paper contains 7 printed pages.]

**3427** *Your Roll No.* .............

**LL.B. / I Term** **BS**

## Paper LB-103 – LAW OF TORTS

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Answer any* **Five** *questions.*
**All** *questions carry equal marks.*

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. Distinguish between *injuria sine damno* and *damnum sine injuria* with the help of decided cases.

Ram dug up a trench and constructed a bund on his land in order to word off the flow of flood water into his land from a neighbouring stream. As a result of

Ram's act, the water inundated Shanti's land and damaged her crops. What remedy, if any, is available to Shanti under the law of torts ? Would your answer be different if Ram's act had been guided by some personal enemity with Shanti ?

विनिश्चित केसों की सहायता से 'बिना हानि के क्षति' तथा 'बिना क्षति के हानि' के बीच भेद स्पष्ट कीजिए।

राम ने पास के नाले से अपनी जमीन में बाढ़ के पानी का बहाव रोकने के लिए खाई खोदी और अपनी ज़मीन पर बन्द निर्मित कर दिया। राम के कृत्य के परिणामस्वरूप शान्ति की ज़मीन जल-मग्न हो गई तथा पानी ने उसकी फसल को क्षति पहुंचा दी। अपकृत्य विधि के अन्तंर्गत शान्ति को क्या उपचार, यदि कोई है, सुलभ है। यदि राम का कृत्य शान्ति के साथ वैयक्तिक शत्रुता के निर्दिष्ट होता तो क्या आपका उत्तर भिन्न होता ?

2. (a) The maxim is '*volenti non fit injuria*'; it is not '*scienti non fit injuria*'. Explain.

(b) Rohan jumped into a well in order to commit suicide. Nitin, a bystander, saw this and jumped into the well in order to save Rohan. In trying to save Rohan against his will, Nitin sustained injuries. Can he claim damages from Rohan ?

(क) सूत्र '*volenti non fit injuria*' है। यह '*scienti non fit injuria*' नहीं है। स्पष्ट कीजिए।

(ख) रोहन आत्म-हत्या करने के लिए कुएं में कूद पड़ा। पास खड़े नितिन ने यह देख लिया और उसने रोहन को बचाने के लिए कुएं में छलांग लगा दी। रोहन को उसकी इच्छा के विरूद्ध बचाने के प्रयास में नितिन को क्षतियां पहुंच गई। क्या वह रोहन से नुकसानी की मांग कर सकता है ?

3. Gita underwent a surgery for removal of stones in her kidney. The Surgeon 'S' who performed the surgery, left a piece of gauze in the abdominal cavity during the operation. Peritonitis developed which led to a second surgery being performed on Gita. Decide the liability of 'S' citing landmark Supreme Court judgements on medical negligence.

गीता ने अपनी किडनी की पथरी निकलवाने के लिए सर्जरी कराई। सर्जरी करने वाले सर्जन S ने आपरेशन के दौरान उदर में जाली का टुकड़ा छोड़ दिया। इससे पेरीटोनाइटिस का रोग उभर आया जिसके कारण गीता को दूसरी सर्जरी करानी पड़ी। चिकित्सकीय उपेक्षा पर उच्चतम न्यायालय के युगान्तरकारी निर्णय का हवाला देते हुए S के दायित्व का विनिश्चय कीजिए।

4. D negligently backed his taxi-cab into C, a child riding on a tri-cycle. The child's mother heard him scream and, looking out of an upstairs window some eighty yards away, saw the tri-cycle under the taxi-cab but

could not see the boy. As a result she suffered an acute nervous shock. In an action brought by the mother, D concedes his responsibility for negligence but contests liability to the mother for the nervous shock she had suffered.

Decide, tracing the development of the law relating to nervous shock.

D ने उपेक्षापूर्वक अपनी टैक्सी-कैब को पीछे करते हुए उसको अपनी ट्राइसाइकिल पर खेल रहे बच्चे C पर चढ़ा दिया। बच्चे की माता ने उसे चीखते हुए सुना तथा अपने से कोई 80 गज दूर जीने की खिड़की से बाहर ट्राइसाइकिल को टैक्सी कैब के नीचे पड़ी हुई देखा किन्तु उसे लड़का दिखाई नहीं दिया। इसके फलस्वरूप उसे तीव्र तंत्रिका आघात पहुंचा। माता द्वारा चलाए गए अनुयोग के दौरान D ने उपेक्षा के लिए अपने उत्तरदायित्व को स्वीकार लिया किन्तु माता को पहुंचे तंत्रिकाघात हेतु अपने उत्तरदायित्व का प्रतिवाद किया।

तंत्रिकाघात सम्बन्धी विधि के विकास का उल्लेख करते हुए विनिश्चय कीजिए।

5. (a) Explain the tests to determine remoteness of damage with the help of landmark cases.

(b) Discuss the essential elements of the tort of defamation.

(क) उल्लेखनीय केसों की सहायता से नुकसान की दूरस्थता को अवधारित करने के लिए परीक्षणों की व्याख्या कीजिए।

(ख) मानहानि अपकृत्य के आवश्यक तत्वों का विवेचन कीजिए।

6. Write short notes on any **two** of the following :

(a) Statutory authority as a defence to tortuous liability.

(b) Distinction between tort and crime.

(c) The concept of 'duty of care' as enunciated by Lord Atkin in *Donoghue* v. *Stevenson*.

(d) Salient features of the Public Liability Insurance Act, 1991.

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :-

(क) अपकृत्यात्मक दायित्व के प्रति प्रतिरक्षा के रूप में कानूनी प्राधिकरण

(ख) अपकृत्य तथा अपराध के बीच विभेद

(ग) *डोनोघ* बनाम *स्टीवेंसन* केस में लार्ड एकिन द्वारा यथा निरूपित 'ड्यूटी ऑफ केयर' की संकल्पना

(घ) लोक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 की प्रमुख विशेषताएं

7. How far is absolute liability different from strict liability ?

Due to the desruptive activities of a terrorist group, a storage tank belonging to an enterprise engaged in an inherently dangerous industry collapsed. A highly toxic gas contained in the tank escaped and caused the death of a few slum dwellers in the neighbourhood. Discuss the liability of the enterprise in such cases and the measure of compensation prescribed in such cases by the Supreme Court.

आत्यंतिक दायित्व कड़े दायित्व से कितना तथा किस रूप में भिन्न है ?

एक आतंकी समूह के तोड़फोड़ के क्रिया-कलापों के कारण अन्तर्निहिततः खतरनाक उद्योग में लगे एक उद्यम का एक स्टोरेज टैंक ढह गया। टैंक में रखी एक अत्यन्त विषैली गैस बाहर आ गई तथा उसने पड़ौस की गन्दी बस्तियों में रह रहे कुछ लोगों की मृत्यु कारित कर दी। ऐसे मामलों में उद्यम के दायित्व का तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा ऐसे मामलों में विहित प्रतिपूर्ति उपायों का विवेचन कीजिए।

8. Discuss the law relating to vicarious liability of the state in India for the torts committed by its servants.

The customs authorities seized a jeep belonging to X on the ground that he had not paid import duty on the said jeep. The customs authorities made a false representation to the Magistrate stating that the vehicle was unclaimed property and disposed of the same under the order of the Magistrate. Subsequently,

the Revenue Tribunal set aside the order of confiscation and directed the return of the jeep to X. X files a suit against the Government for the recovery of his jeep or the alternative, damages equivalent to its value. Decide citing relevant judicial precedents.

भारत में किसी राज्य के सेवकों द्वारा किए गए अपकृत्यों हेतु प्रतिनिधिक दायित्वों सम्बन्धी विधि का विवेचन कीजिए।

कस्टम प्राधिकारियों ने इस आधार पर X की जीप का अभिग्रहण कर लिया कि उसने उक्त जीप पर आयात-शुल्क का संदाय नहीं किया था। कस्टम प्राधिकारियों ने यह कहते हुए मजिस्ट्रेट के समक्ष मिथ्या व्यपदेशन किया कि वाहन अदावाकृत सम्पत्ति है तथा उसको मजिस्ट्रेट के आदेशों के अन्तर्गत व्ययनित कर दिया। बाद में राजस्व अधिकरण ने अधिहरण का आदेश अपास्त कर दिया तथा जीप को X को लौटाने का निर्देश दिया। X ने अपनी जीप की वसूली या विकल्पत: उसके मूल्य के समकक्ष नुकसानी के लिए सरकार के विरूद्ध वाद फाइल कर दिया। सुसंगत न्यायिक पूर्वनिर्णयों का हवाला देते हुए विनिश्चय कीजिए।